नमूना प्रश्न पत्र

नोटः सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।

अधिकतम अंक – 85
समय – 2 ½ घंटे

1. अपने परिवार को आहार में उत्तम श्रेणी का प्रोटीन देने के लिए आप................................ का उपयोग करेंगे। (1)

   a. अंकुरण

   b. मिश्रण

   c. खमीरीकरण

2. टोस्टर, प्रेस और गीज़र में वह कौन सा पुर्जा है जो इन उपकरणों को अत्यधिक गर्म होने से बचाता है? (1)

   a. तापमान नियंत्रक

   b. फ्यूज़

   c. तार

   d. स्विच

3. मलेरिया का निदान निम्न में से किस की जाँच द्वारा हो सकता है? (1)

   a. रक्त

   b. मूत्र

   c. मल

   d. थूक

4. तीन वर्षीय बालक का वाक्य.....................................शब्दों का होता है। (1)

   a. 3–4

   b. 5–6

   c. 7–8

   d. 10–12

5. शरीर को सबसे अधिक मात्रा में ऊर्जा देने वाला पोषक तत्व कौन सा है? (1)

   a. खनिज लवण

b. प्रोटीन

c. कार्बोहाइड्रेट

b. वसा

6. गाँवों में आम तौर पर फ्लश शौचालय नहीं पाए जाते क्योंकि–

a. उसे बनाने के लिए विशेषज्ञ की आवश्यकता होती है

b. अत्यधिक पानी की आवश्यकता होती है

c. प्रयोग करने में कठिनाई होती है

d. वह पश्चिमी तरीके का शौचालय है

7. मानवीय संसाधनों का एक उदाहरण है (1)

a. धन

b. ज्ञान

c. भूमि

d. भौतिक वस्तुएँ

8. तीस वर्षीय लोकेश को बचत करने के लिए क्या करना चाहिये? (1)

a. जेवर खरीद ले

b. सोफा खरीद ले

c. पब्लिक प्रोविडेन्ट फंड में निवेश कर दें

d. लॉकर में पैसे रखे

9. कारण सहित समझाइये – (2)

a. नायलोन का प्रयोग तौलिया बनाने के लिये क्यों नहीं कर सकते ?

b. रेशम की साड़ी को धोते समय जोर से रगड़ नहीं सकते?

10. उदाहरण देते हुए निम्नलिखित कथन स्पष्ट कीजिये– (2)

a. विकास सिर से पैर की ओर होता है

b. विकास केन्द्र से बाहर को ओर होता है

11. मूल्यों के अभाव में समाज में होने वाली कोई चार परेशानियां बताइये। (2)

12. कोई भी चार संभावित कारण लिखिए जिनकी वजह से राहुल विषाक्तता का शिकार हो सकता है (2)

13. ग ह विज्ञान का विषय पढ़ने के बाद रीता को किन चार क्षेत्रों में रोजगार मिल सकता है? (2)

14. एक चादर खरीदते समय आप किन दो विशेषताओं को ध्यान में रखेंगे? (2)

15. माला को अपने घर में बाथरूम टाइल और पीतल के नल साफ करने के लिए किन पदार्थों का प्रयोग करना चाहिए? (2)

16. कोई दो बीमारियाँ बताइए जो संदूषित खाद्यपदार्थ तथा पानी से फैलती हैं। इनकी रोकथाम कैसे की जा सकती है? (2)

17. राधा अपने घर को तस्वीरों से सजाना चाहती है। उसे किन दो बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिये ? (3)

18. बारिश के मौसम के लिए कपड़ों का चयन करते समय आप किन बातों का ध्यान रखेंगे ? (3)

19. वायु के माध्यम से होने वाली किन्हीं चार बीमारियों के बारे में बताइये। उनकी रोकथाम के लिए कोई एक सुझाव भी दीजिए। (3)

20. गर्भावस्था के तीन मुख्य लक्षण कौन–कौन से हैं ? (3)

21. खाद्य संरक्षण करने के तीन कारण बताइए। (3)

22. बाजार में मिलने वाले किन्हीं चार प्रकार के कपड़ों के नाम बताइए। ऊष्मा चालकता के आधार पर इन में से किन्हीं दो की तुलना कीजिए। (3)

23. आप अपनी माताजी के लिए एक सिला सिलाया सूट खरीदते समय उसकी किन छह बातों को जाँचेंगे? (3)

24. शीला के घर में आग लग गई थी। आग लगने के छह संभावित कारण लिखिए।

25. आप अपनी छोटी बहन को शादी के लिए मानसिक रूप से तैयार करने में किस प्रकार (5) सहायता करेंगे? (5)

26. उपभोक्ता सहायक–सामग्री का उपभोक्ता के लिए क्या महत्व है? (5) किन्हीं दो सहायक–सामग्रियों का विवरण करें।

27. बच्चें के सामान्य सामाजिक विकास को प्रभावित करने के महत्वपूर्ण कारण क्या हैं? (5)

28 अपने मित्र को प्रतिमाह बचत करने की आवश्यकता के बारे में समझाइए। (5)

29. छात्रावास में रहने वाली किशोर लड़कियों की चार पोषण संबंधी आवश्यकताएँ लिखिए। इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किन्हीं दो उपयुक्त व्यंजनों का सुझाव दीजिए। अपने सुझाव के कारण भी लिखिए। (5)

30. घर का चयन करते समय किन किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? (5)

31. आप अपने घर पर कचरे का निपटान कैसे करते हैं? दिन में कितनी बार कचरा हटाते हैं? (5)

क्यों? यदि कचरे को एक दिन रखना पड़े तो क्या सावधानी बरतेंगे? क्यों ?